RNI No. : UPHIN-2009/29369

डाक पंजीकरण : KANPUR HO/002/2022-24
प्रधान डाकघर कानपुर-डाक प्रेषण दिनांक 29/30

वार्षिक सदस्यता शुल्क 100/-

द्रविड़ भारत

गौतम बुद्ध

बाबा साहेब डा0 अम्बेडकर

www.dbindia.org.in

सामाजिक परिवर्तन का मासिक पत्र

मई-2022 | वर्ष - 14 | अंक : 04 | मूल्य : 5/-

संत कबीर दास


संत रविदास जी

घासीदास

बिरसामुण्डा

पेरियार रामास्वामी

छत्रपति शाहूजी महाराज

सन्त गाडगे

महात्मा ज्योतिबा राव फुले


नारायण गुरु

सावित्री बाई फुले

बाबा साहेब डा0 अम्बेडकर

सम्पादकीय

RNI No. : UPHIN-2009/29369

संपादक : उमेश्वरी देवी, मो.: 9005204074
संरक्षक मण्डल : मा. रामदीन अहिरवार (महोबा), मा. राम अवतार चौधरी (सहा.अभि. जलकल विभाग), मा. छविलाल वर्मा (चरखारी), मा. हरिनाथ राम (दिल्ली), मनीष कुमार मो. 9415053621
राज्य ब्यूरो प्रमुख उत्तर प्रदेश :
सुनील कुमार, ढेलवा, गाजीपुर (उ.प्र.), मो.: 9935363730, 9170836363
योगेन्द्र कुमार (ब्यूरो चीफ चित्रकूट मण्डल) मो.: 8299162841
क्षेत्रीय सम्पादकीय कार्यालय :
40/69, डी-5, श्यामलाल का हाता, परेड, कानपुर (उ.प्र.), मो. : 8756157631
ब्यूरो प्रमुख कानपुर मण्डल :
पुष्पेन्द्र गौतम, मल्हौसी, औरेया, उ.प्र. मो.: 9456207206
हरियाणा राज्य :
डा. रमेश रंगा, ग्राम-सराय, औरंगाबाद, पो.-बहादुरगढ़,जिला-झज्जर (हरियाणा),09416347052
कानूनी सलाहकार : एड. रामप्रकाश अहिरवार, एड. यू.के. यादव, मोती लाल वर्मा, एड. विजय बहादुर सिंह राजपूत, एड. रमाकान्त धुरिया, सुशील कुमार, कानपुर
मध्य प्रदेश राज्य : पुष्पेन्द्र कुमार
कार्यालय : ग्रा. व पो.-रामटौरिया, जिला-छतरपुर
छत्तीसगढ़ राज्य :
दिलीप कुमार कोसले, मो. : 09424168170
दिल्ली प्रदेश : C/o अनिल कुमार कनौजिया C-260, हर्ष विहार, हरिनगर एक्सटेंशन पार्ट-III, बदरपुर, नई दिल्ली-44, मो. : 09540552317
राजस्थान राज्य : रघुनाथ बौद्ध, श्याम रघु फुट वियर, दुकान नं.-1, गणेश मार्केट, पुलिस चौकी के सामने, अलवर, जिला-अलवर-301001, मो. : 09887512360, 0144-3201516
चिरंजीलाल बैरवा (व्यावस्थापक) मेहरा आदर्श विद्या मन्दिर, भीम नगर कालोनी, राज भट्टा, दिल्ली रोड, अलवर, जिला-अलवर, मो.-09829855349
बाबूलाल बौद्ध, अलवर, मो.-08058198233
संपादकीय/विज्ञापन प्रसार/पंजीकृत कार्यालय :
ग्रा व पो.-रिवई (सुनैचा), जिला-महोबा (उ.प्र.)
मो. : 9005204074, 8756157631
E-mail : dravinbharat1@gmail.com
प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
उमेश्वरी देवी द्वारा ग्रा. व पो.-रिवई (सुनैचा), जिला महोबा से प्रकाशित व श्रेय ऑफसेट प्रा. लि., 109/406, नेहरु नगर, कानपुर, 84/1, बी, फजलगंज, कानपुर से मुद्रित

प्रकाशित पत्रिका में प्रकाशित लेख, सामग्री, में संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। इसमें किसी भी प्रकार का दावा या विचार मान्य नहीं होगा। लेख के विवादित होने पर लेखक ही उत्तरदायी होगा समस्त विवादों का निपटारा महोबा न्यायालय में होगा पत्रिका का संपादन एवं संचालन पूर्णतयः अवैतनिक एवं अव्यवसायिक है।

मिशन को बढ़ाने के लिए सहयोग करें -
भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-पी.पी.एन. मार्केट, कानपुर
खाता सं.-33496621020•IFSC CODE-SBIN0001784

प्रतिनिधित्व पूर्ण समाज ही न्यायपूर्ण समाज है

भारत पाकिस्तान का क्रिकेट गेम होता है और अगर पाकिस्तान जीत जाता है तो भारत के मुसलमान पटाखे फोड़ कर खुशी मनाते हैं या नहीं मनाते हैं ये बात तो शेड्युल्ड कास्ट, शेड्युल्ड ट्राईब्स, ओबीसी की जो बस्ती है उधर जाकर ब्राह्मण बताते हैं कि फलाने मुसलमानों की बस्ती में पटाखे फोड़कर खुशी मनाया है और उनका स्वागत किया है। वो लोग सुनते हैं मगर जाँच करने के लिए नहीं जाते हैं कि पटाखे फोड़े भी या नहीं फोड़े हैं। क्योंकि वो लोग नासमझ हैं। उनको दलील और तर्क करना नहीं आता है। उनको ये भी समझ में नहीं आता कि इसमें बदमाशी भी हो सकती है। वो ये सोचते हैं कि ये तो ब्राह्मण हैं ये तो धार्मिक आदमी हैं। धार्मिक आदमी बदमाशी क्यों करेगा ? इसलिये इसके बारे में गंभीरता से सोचना चाहिये।

अगर इन सारे सवालों का जवाब ये देते हो कि इस्लाम , मसावाद, और इतिहाद का धर्म है तो आप लोग गंभीर नहीं हो।

ब्राह्मण हमारे एससी, एसटी, ओबीसी के एरिया में आकर कहता है कि मुसलमान विदेशी है। इसके बारे में मुसलमानों की खबरदारी लेनी चाहिये। मगर मुसलमान कहते हैं कि हुमायूं, बाबर, अकबर, औरंगजेब हमारा पुरखा है। ऐसा कहकर खुद ही उनके नजर में सिद्ध करते हैं कि हाँ हम विदेशी हैं। इस तरह से उनकी धारणाएँ और ज्यादा मजबूत हो जाती है।

मा. मेश्राम ने कहा कि इस्लाम धर्म की लैंग्वेज अरबी में है। मगर कितने भारत के मुसलमान हैं जिनको अरबी आती है। एक सवाल है एक विचार, चिंतन के लिए। मुसलमानों में अरबी बोलने वालों को अंगुलियों पर गिन सकते हैं। बहुत से इलाके ऐसे हैं जहाँ अरबी तो छोड़ो, फारसी भी नहीं आती है। उर्दू भी नहीं आती है। उर्दू के बारे में भी भारत सरकार की रवैया बहुत डिफरेन्ट है। उसके बाद बहुत से एरिया है कि मुसलमानों को शुद्ध हिन्दी भी नहीं आती है। अगर आप गोरखपुर, आजमगढ़ जाओ तो वहां के मुसलमान भोजपुरी बोलते हैं। पटना में मगधी, लखनऊ में अवधी, केरला में मलयाली भाषा बोलते हैं। गुजरात में गुजराती बोलती है। मोहम्मद अली जिन्ना बैरिस्टर थे और गाँधीजी भी बैरिस्टर थे। दोनों बेहतरीन अंग्रेजी बोल सकते थे मगर जब भी आपस में मिलते थे गुजराती में ही बात करते थे। दोनो के दोनो बनिया थे।

इसलिये इसके बारे में वास्तव में सोचने वाली बात है कि आखिरकार ब्राह्मण, मुसलमानों के बारे में घृणा अभियान अभियान क्यों चलाता हैं ? शेड्युल्ड कास्ट को ब्राह्मण धर्म में अछूत कहा जाता है। अछूतों के विरोध में ब्राह्मणों ने घृणा अभियान चलाया। शेड्युल्ड कास्ट को ब्राह्मण धर्म में अछूत कहा जाता है। अछूतों के विरोध में ब्राह्मणों ने घृणा अभियान चलाया। शूद्रों के खिलाफ घृणा अभियान चलाया। ब्राह्मणों ने हजारों सालों तक एससी, एसटी, ओबीसी के खिलाफ घृणा अभियान चलाया। वही घृणा अभियान वो भारत के मुसलमानों के खिलाफ चला रहे हैं। क्या मुसलमान उस इतिहास को जानते हैं ? जिस एससी, एसटी, ओबीसी के खिलाफ ब्राह्मणों ने घृणा अभियान चलाया उस एससी, एसटी, ओबीसी के लोसों ने ब्राह्मण धर्म त्याग कर इस्लाम धर्म कबूल किया। जो मुसलमान विदेश से भारत में आये थे क्या उसी की संतान भारत का मुसलमान हैं। मेरा ऐसा मानना है कि 90ः से ज्यादा मुसलमान भारत में एससी, एसटी, ओबीसी से धर्म परिवर्तित मुसलमान हैं। यह बात भारत के मुसलमान को मालूम नहीं है। जो एससी, एसटी, ओबीसी से धर्मपरिवर्तन किया वो मुसलमान जानता है या नहीं जानता है मगर ब्राह्मण जानता है। यही मूलकारण है मुसलमानों के खिलाफ घृणा अभियान चलाने का। इसके बारे में जरूर सोचा जाना चाहिए कि क्या भारत में मुसलमान असुरक्षित है तो ये कारण नहीं ये परिणाम है।

इसलिये मुसलमानों को सोचना चाहिये कि इसका कारण क्या है ? अगर कोई मरीज डॉक्टर के पास जाता है तो डॉक्टर पहले इन्जेक्शन या दवा नहीं देता है। वो पहले डायग्नोसिस करता है। मरीज से दस सवाल पूछता है। फिर वो निर्धारित करता है कि मरीज को कौन सी बीमारी हुई उसके आधार पर दवा देता है। अगर कारण पता चल जाय तो मुसलमानों को उसका समाधान करने का काम करना चाहिये। अगर समाधान नहीं करोगे तो मैं ऐसा मानता हूँ कि समस्याओं का समाधान होने वाला नहीं है। जो फसाद होता है इसके बारे मे लोगों को क्या मालूम है ? एससी, एसटी, ओबीसी को हिन्दु के नाम पर मुसलमानों के खिलाफ फसाद के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिये कहता हूँ कि ये फसाद मुसलमानों की समस्या नहीं है। फसाद में इस्तेमाल होने वाले लोगों की समस्या है। जिनका इस्तेमाल होता है उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता। लगभग सारे मुसलमान भारत को भारत नहीं कहते हैं, मेरा ऐसा मानना है कि उर्दू लिटरेचर में भारत नहीं है उसमें सभी हिन्दुस्तान शब्द है।

1925 से आरएसएस के लोग भारत को हिन्दुस्तान बनाने के काम पर लगे हुए हैं। वो आज तक कामयाब नहीं हुए। मगर मुसलमान पहले से भारत को हिन्दुस्तान बना दिया है। मेरे को समझ में नहीं आता है कि मुसलमान अपना काम कर रहे हैं या अपने दुश्मनों का काम कर रहे हैं। भारत का संविधान पढ़ो तो पहली ही लाईन में बाबासाहब ने लिखा है 'इण्डिया दैड इज द भारत।' इसको भारत के संविधान सभा ने पारित किया। इसका मतलब है कि डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर का अकेले की राय नहीं है। ये भारत के संविधान सभा की राय है। ये संविधानिक जनादेश है। संविधान में बाबासाहब ने, 395 आर्टिकल हैं केवल एक वाक्य जिसका उन्होंने अंग्रेजी में लिखा और उसके साथ साथ ट्रांसलेशन भी किया। क्योंकि वो जानते थे कि मेरे मरने के बाद में जब ब्राह्मण इसको ट्रांसलेशन करेगा तो इण्डिया का ट्रांसलेशन हिन्दुस्तान करेगा। जब तक संविधान बना रहेगा वो कामयाब नहीं होंगे। इसलिए संविधान को खत्म करने का उनका अभियान चल रहा है।

मुसलमान कहते हैं कि इस्लाम किसी किस्म का भेदभाव नहीं करता है। भारत के संविधान में जाति, वर्ण, लिंग, रंग, प्लेस ऑफ बर्थ, इसके आधार पर किसी भी नागरिक के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा मगर स्वर्ण मंदिर पर हमला हुआ। बोध गया में जो मैनेजमेन्ट कमेटी है वहाँ मेजॉरिटी ब्राह्मणों की है। चर्चों पर हमले हो रहे हैं। मुसलमानों के मस्जिदों पर हमले हो रहे हैं। इस

देश में जितने नॉन ब्राह्मीन रिलीजन हैं सभी लोगों पर हमले होते हैं केवल एक धर्म छोड़कर। संघ परिवार कहता है कि मुसलमानों का कांग्रेस तुष्टीकरण कर रही है। सच्चर कमीशन की रिपोर्ट कहती है कि मुसलमानों का सत्यानाश करने का काम अगर किसी ने किया तो वो कांग्रेस ने किया। सरकार को ये सारी बातें पहले ही मालूम थी क्योंकि सच्चर कमीशन में जो आंकड़े दिए हुए हैं ये सारे के सारे आंकड़े सच्चर कमीशन ने सरकार से ही सच्चर कमीशन को दिए हैं। माँगे हैं। सरकार ने ही सच्चर कमीशन को दिए हैं।

अगर सारे आंकड़े कांग्रेस को मालूम है कि मुसलमानों की हालत शेड्युल्ड कास्ट से बद्दतर है तो कांग्रेस ने यह कमीशन क्यों बनाया ? क्योंकि संघ परिवार ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टीकरण करती है। इससे एससी, एसटी, ओबीसी का आदमी अपने को हिन्दू मानता है इसलिए उनका ध्रुवीकरण संघ परिवार और बीजेपी के अंदर हो गया। बहुत सारे हाईकास्ट के लोग इस बात को मानते हैं कि कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टीकरण करती है। इस वजह से हाईकास्ट के लोग जो कांग्रेस के सपोर्टर थे वो कांग्रेस को छोड़कर बीजेपी का सपोर्टर हो गये हैं। इससे कांग्रेस के सामने समस्या है कि हम तो मुसलमानों का तुष्टीकरण नहीं करते हैं मगर हमारे ऊपर बीजेपी और संघ परिवार के लोग आरोप लगाते हैं कि कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टीकरण करती है। इसका समाधान करने का काम कांग्रेस के हाथों में है। पहला यह कि पब्लिकली कांग्रेस यह कहें कि हम मुसलमानों का तुष्टीकरण नहीं करते हैं।

जो लोग नाराज होकर बीजेपी और संघ परिवार के साथ चले गये हैं उन लोगों को खुश करके कांग्रेस के साथ फिर जोड़ा जाय। लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं कर सकती क्योंकि मुसलमानों को मालूम हो जायेगा। इस वजह से मुसलमान नाराज हो जायेंगे। मंगर मुसलमानों को गुमराह करना है। उनको सचाई मालूम नहीं होनी चाहिए इसलिए ये रास्ता सही नहीं है। उन्होंने दूसरा रास्ता निकाला और सच्चर कमीशन बनाया। सारे देश भर में डिस्कश और डिवेट हुआ कि मुसलमानों की हालत शेड्युल्ड कास्ट से भी बद्दतर हो गई है। अब संघ परिवार और बीजेपी के लोंगो को कांग्रेस के ऊपर आरोप लगाना मुश्किल हो गया है कि कांग्रेस मुसलमानों की तुष्टीकरण करती है मगर सच्चर कमीशन कहता है कि नहीं करती है।

सच्चर कमीशन मुसलमानों की हालत को बयां करके, रिसर्च करके मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक स्थिति सुधारने के लिए यह रिपोर्ट नहीं बनाया गया बल्कि हाईकास्ट के जो लोग कांग्रेस से टूट कर बीजेपी और संघ परिवार के साथ चले गये हैं उनको अपने साथ लाना चाहती है मकसद कांग्रेस दिल्ली में पूर्ण बहुमत से आना चाहती है। मुसलमानों का कल्याण करने के लिए यह सर्वे नहीं किया गया है।

1972 में इन्दिरा गाँधी ने 15 सूत्रीय कार्यक्रम बनाया था, उसको 35 साल हो गये। अलग से कमीशन बनाने की जरूरत नहीं है। अलग बनाने के पीछे का मकसद है कि जो नाराज लोग हैं उनको कॉंग्रेस जताना चाहती है कि हम मुसलमानों का तुष्टीकरण नहीं कर रहे हैं बल्कि हम तो मुसलमानों का सत्यानाश करने के काम पर लगे हुए हैं। मगर मुसलमानों को पता ही नहीं है।

इस बात के साथ मा. वामन मेश्राम ने अपनी बात समाप्त की।

साभार : बहुजनों का बहुजन भारत
20 मई 2007 वर्ष 6 अंक 19

कौटिल्य अर्थशास्त्र में दास प्रथा और सामाजिक न्याय

कौटिल्य का अर्थशास्त्र 300 ई. पू. की रचना है। यह काल घोर सामंतकाल था। जल, जमीन, जंगल, नदी, पहाड़, झरने सब कुछ सामंतों के हाथ में था। उस काल में जनता पर शासन करने वाले मुख्यतः 11 प्रकार के थे – पहली श्रेणी में ऋत्विक, आचार्य, मंत्री, पुरोहित, सेनापति, युवराज, राजमाता और पटरानी थे। ये भी अपनी सुख–सुविधा एवं ऐशोआराम के लिए 4000 रू. मासिक वेतन लेते थे। दूसरी श्रेणी में द्वारपाल, अंतः पुर रक्षक, आयुध अध्यक्ष, समाहर्ता और भंडार अध्यक्ष थे, जिनका वेतन 2000 रू. मासिक था। तीसरी श्रेणी में– युवराज के भाई, उन भाइयों की मालाएं, सूबेदार, मेजर, शहर कोतवाल, व्यापार और कृषि अध्यक्ष, मंत्रिपरिषद के 12 अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक और सीमा निरीक्षक थे, इनका वेतन 1000 पण मासिक था। चौथी श्रेणी में इंजीनियर, हाथी, घोड़े और रवों के अध्यक्ष तथा कंटक शोधन अधिकारी थे। इनका मासिक वेतन 666 पण था। पांचवीं श्रेणी में पैदल सेना का अध्यक्ष, अश्व सेना, रथ सेना, गज सेना के अध्यक्ष, लकड़ी तथा हाथियों के जंगल के अध्यक्ष थे। इनका वेतन मासिक 333 पण थे। छठी श्रेणी में रथ शिक्षक, गज शिक्षक, चिकित्सक, अश्वशिक्षक, मूर्गा सूअर पालने वालों के अध्यक्ष थे। इनका वेतन मासिक 166 पण था। सातवीं श्रेणी में सामुद्रिक, शकुन बताने वाले ज्योतिषी, स्तुतिवाचक (रामायण–पुराण कथा वाचक), पुरोहित, पुरोहित के नौकर और शराब ठेकेदार थे, इनका मासिक वेतन 83 पण था। आठवीं श्रेणी में चित्रकार, खिलाड़ी, राजा के यश लेखक आदि थे। इनका मासिक वेतन 42 पण था। नौवीं श्रेणी में नट, नर्तक और गायक थे। इनका मासिक वेतन 21 पण था। दसवीं श्रेणी में साधारण कारीगर और कुशल शिल्पकार थे। इनका मासिक वेतन 10 पण था। ग्यारवीं श्रेणी में बेगार करने वाले अकुशल श्रमिक, शिल्पकार, पौनी थे। इनका मासिक वेतन 5 पण था।

इस प्रकार वेतन के रूप में मंत्रिमंडल का खर्चा 8326 पण, अन्य विकास खर्चा 8000 पण तथा आयात खर्चा 6000 पण मिलाकर कुल 22 हजार 326 पण धनराशि की मासिक आवश्यकता होती थी। आमदनी अठन्नी खर्च रूपैया वाली कहावत चरितार्थ थी। उपरोक्त ग्यारह प्रकार के कर्मचारी, अधिकारी, मंत्रालय और सभासद ही नहीं 4%) ब्राह्मण, पुरोहित पुजारी वर्ष 5% क्षत्रीय टोटल निकम्मे थे। ये 7% कमकर (शूद्र और दासों) पर पूर्णतया निर्भर रहते थे यही नहीं इन्हें तरह–तरह से प्रताड़ित कर इनकी आंतड़ी की रोटी तक शान–शौकत के लिए छीन ली जाती थी। विरोधी का गला काट लिया जाता था।

कौटिल्य (अर्थशास्त्र पृ. 442) लिखता है कि जनपद की स्थापना ऐसी होनी चाहिए कि उसमें नीच वर्ण (शूद्र और दास) की आबादी अधिक होनी चाहिए। इसको स्पष्ट करते हुए लिखा (अर्थशास्त्र पृ. 77) है कि प्रत्येक जनपद में कम से कम सौ घर और अधिक से अधिक पांच सौ घर वाले ऐसे गांव बसाए जाएं जिनमें शूद्र तथा किसान अधिक हों। कौटिल्य ने स्पष्ट किया कि निकम्मों को खिलाने तथा राज्य के शासन–प्रशासन शान–शौकत के लिए शूद्र, दास आदि ही खून बहाकर धन पैदा करेंगे। वास्तव में शूद्र ही धरती के जीवन के आधार हैं। कौटिल्य को अच्छी तरह पता है कि शूद्र मर–मर कर कमाता है, और संभ्रांत वर्ग टांग पसारे खाता है। आज भी वैश्विकरण के युग में ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, कनाडा, अमेरिका आदि देश ऐसे ही स्थानों पर इन्हीं की जमीन छीनकर अपना विशाल साम्राज्य स्थापित करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। शूद्र आज भी बेजुबान हैं।

कौटिल्य (अर्थशास्त्र–पृष्ठ 507) ने आगे लिखा है कि उस भूमि में चारों वर्णों के लोगों की स्थिति के संबंध में यह विचार कर लेना चाहिए कि सब तरह के सुख–दुख सहन करने वाले शूद्र, ग्वाले आदि नीची जाति के मनुष्यों वाली भूमि ही श्रेष्ठ होती है। क्योंकि खेती की अधिकता और निश्चित फलवती होने के कारण ऐसी भूमि सदा श्रेयस्कर होती है। शूद्र व्यक्ति खून–पसीना एक करता है इसलिए यह भूमि फलवती तो है किंतु किसके लिए? शूद्र की नीचता भी फलवती है तो सिर्फ उत्पादन के लिए वह उत्पादन जिसका वह अंश ही उन्हें प्राप्त हो पाता है जिनसे मात्र उनका जीवन निर्वाह ही हो पाता है। शायद भारत में कोई स्पार्टाकस पैदा नहीं हुआ।

श्रमिक वर्ग पसीना बहाते–बहाते जब आसक्त हो जाता है तो नाच–गाना आदि नाना प्रकार के मनोरंजन के द्वारा अपने को फिर अगले दिन खटने के लिए। तैयार करता है, किंतु इस पर भी कौटिल्य ने स्पष्ट शब्दों में रोक लगा दी है, संभ्रांत वर्ग जुआ, शराब, नंगा नाच को, क्लब की गणिका वृत्ति को उचित समझता है किंतु दास वर्ग जो मुख्य श्रमिक है, उत्पादन का को मनाही है। कौटिल्य (अर्थशास्त्र पृष्ठ 80/81) कहता है– गांवों में कोई भी नाट्यगृह, विहार तथा क्रीड़ाशालाएं नहीं होनी चाहिए। नट, नर्तक, गायक, वादक, भाण और कुशीलव आदि गांवों में अपना खेल दिखाकर कृषि आदि कार्यों में विघ्र उत्पन्न न करें, क्योंकि गांवों में नाट्यशालाएं आदि न होने से ग्रामवासी अपने–अपने कृषि कर्म में लगे रहते हैं, जिससे कि राजकोष की अभिवृद्धि होती है, और सारा देश धन–धान्य से समृद्ध होता है।

तब भी और आज भी मालिक दासों से सिर्फ रात–दिन खटाना जानते हैं, भले ही वह काम करते–करते मर जाएं पर क्षण भर सुस्ता न सकें। मध्य प्रदेश की एक ग्रामीण रिपोर्ट के अनुसार जमींदार बीमार बंधुआ (दास) से भी काम कराता है, उसका कहना है कि बैल बीमार हो जाए तो दवा कराई जाती है, और दास बीमार होता है तो उसे यूं ही उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है, क्योंकि सामंतों के लिए बैल की कीमत दास से अधिक है, क्योंकि उस बैल की कीमत चार दास मिलते हैं।

कौटिल्य सामंत चाकर हैं। लिखते हैं–नाबालिक शूद्र अथवा जन्मना शूद्र को बेचने अथवा गिरवी रखने के लिए ले जाने वाले रिश्तेदार पर यदि संबद्ध व्यक्ति 'उदर दास' नहीं है तो उस पर 12 पण का जुर्माना लगाया जाना चाहिए। (पंतजलि 11–4.10 पर भाष्य) अर्थात नाबालिग शूद्र को बेचा जाता था, अर्थात दास क्रय–विक्रय का बाजार खूब गर्म था। शूद्र यदि वैश्य को बेचे तो जुर्माना 240 पण, क्षत्रीय को बेचे तो 500 पण और यदि ब्राह्मण को बेचे तो उस शूद्र पर 1000 पण का जुर्माना और मृत्युदंड। क्रेता और साक्षी भी इन्हीं दंडों के भागी होंगे। म्लेच्छ अपने बच्चों को बेच सकते हैं या गिरवी रख सकते हैं, किंतु किसी आर्य को दास नहीं बनाया जा सकता। फिर भी परिवार को कारावास से बचाने के लिए अथवा संकटग्रस्त आर्यों की रक्षा के लिए किसी आर्य (शूद्र) को गिरवी रखने की है। जो अपने आप को गिरवी रखता है, यदि वह भाग जाए तो पकड़े जाने पर वह सदा के लिए दास रहेगा। जो किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा गिरवी रखा गया है, यदि वह दो बार भागता है तो वह पकड़े जाने पर सदा के लिए दास हो जाएगा। गिरवीदार गिरवी रखे लोगों के भाग जाने, मर जाने अथवा असाध्य रोगों से ग्रस्त हो जाने पर उनके मूल्य का हकदार होता है। लेकिन यदि साहूकार गिरवी रखे लोगों से मुर्दा, कूड़ा–करकट, मूत्र अथवा जूठन उठवाए तो उसका पैसा नहीं मिलता। गिरवी रखी स्त्रियों के संबंध में भी यह बात लागू होती है। किंतु यदि नंगे व्यक्ति को स्नान करवाया जाए, पिटाई की जाए, उसका सतीत्व भंग किया जाए, उपचारिका का शील भंग किया जाए तो उसका मूल्य समाप्त हो जाने के कारण मुक्ति पाने की हकदार बन जाती है। (चानना–प्राचीन भारत में दास प्रथा) (पृ. 65 पर) कौटिल्य ने जो नौ प्रकार के दास 1. ध्वाहृतः ध्वजा के साथ लाया हुआ 2. उदर दास : पेट का दास 3. गृहजात–घर से उत्पन्न दास 4. क्रीतः खरीदा हुआ दास 5. लब्ध–पाया गया–प्राप्त दास 6. दाय आगत–विरासत में प्राप्त दास 7. दंडप्रगीत–न्यायिक निर्णय से प्राप्त दास 8. अहितकः गिरवी रखा दास 9. आत्म विक्रयी अपने आपको बेचने वाला दास बताया है। ये सबके सब शूद्र दास हैं। ब्राह्मण को बताया गया है कि वह कभी किसी भी दशा में दास नहीं हो सकते। क्योंकि ये साक्षात देव हैं।

मुक्ति चाहने वाला दास जो जुर्माना अदा नहीं कर सकता। वह सदा स्वामी की कृपा पर आश्रित रहता है तथा शारीरिक श्रम कर अपनी दासता से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। उस स्वामी को दंड मिलेगा जो आठ वर्ष से कम उम्र का दास रखता है, अथवा उसका किसी अन्य देश में बिक्री करता है। यदि दंड उस स्वामी के लिए भी है जो किसी गर्भिणी दासी को बिना उसका प्रसव कराए बेचता है। ऐसी दशा में क्रेता और साक्षी दोनों दंड के भागी होंगे। रिश्तेदार को दास की वस्तुओं को पाने का पूरा हक है। रिश्तेदार न होने पर वह मालिक की सम्पत्ति ही रहता है। किसी दासी और मालिक से पैदा हुआ पुत्र और वह दासी स्वतंत्र समझे जाएंगे किंतु उस दासी और उसके बेटे को दासता मिल सकती है। स्वामी से संपत्ति अथवा पत्नी और पिता का अधिकार कभी नहीं।

उस व्यक्ति के लिए 12 पणों का दंड है। जो पहले से स्वतंत्र किए जा चुके दास या दासी को उनकी इच्छा के विरूद्ध बिक्री या गिरवी के लिए लेता है। सबसे जो विचारणीय पक्ष है वह यह कि दास, दासी के द्वारा लगाया गया कोई भी अभियोग न्यायालय भी नहीं सुनेगा। न्यायालय सिर्फ मालिक की सुनता है, दास, दासी अथवा गुलाम की

नहीं। अपने कौमार्य को स्वयं भंग कराने वाली स्त्री राजा की दासी होती है। यदि कोई व्यक्ति आपदकाल में किसी स्त्री की रक्षा की हो या अकाल या दरिद्रता–भुखमरी के समय सहायता की हो तो वह व्यक्ति उस स्त्री को अपने घर रखकर भोग सकता है। किसी गरीब असहाय व्यक्ति के कहने पर वह अपनी स्त्री, पुत्री अथवा भगिनी की देखभाल नहीं कर सकता तो स्वामी उसको बलपूर्वक भोग सकता है। कोई स्त्री जंगल में बिछुड़ गई हो, खो गई हो डूब रही हो और उसे संभ्रांत व्यक्ति बचा लेता है तो उसे उस स्त्री को भोगने का संपूर्ण अधिकार है। साहूकार बंधक स्त्री का उपभोग कर सकता है, ध्यान रहे वह खोए नहीं।

स्वतंत्र व्यक्ति, देवताओं, ब्राह्मणों आदि की वस्तुओं (दास–दासियों) को छोड़कर अन्य सभी वस्तुओं (दास–दासियों) का राजा की अनुमति से उपभोग किया जा सकता है। ब्राह्मण के दोषी होने पर राजा तपे लोहे से दाग लगवा कर उसे निष्कासित कर देगा अथवा खानों में मजदूरों के साथ काम कर लगाकर काम करवाएगा। (चानना–वही, पृष्ठ–121)।

राजा के दास–राजा अपने राजभवन में सैकड़ों और कभी–कभी तो हजारों दास–दासियां रखते थे। सामंत, पुरोहित, सेनापति, सैनिक–इन राज दासियों का समान रूप से राजा से आंख बचाकर उपभोग करते थे। कौटिल्य ने विस्तृत रूप से इनका वर्णन किया है। 1. जो दासियां अंतःपुर की हैं केवल उन्हीं को अंतःपुर के साथ संबंध रखने दिया जाएगा। 2. जब राजा सोकर उठे तो दासियां धनुष बाण लिए राजा को घेरे रहें। 3. दासियों को स्नान कराना चाहिए, तेल मालिश करनी चाहिए, बिस्तर लगाने, कपड़े धोने और माला गूंधने का काम करना चाहिए। 4. भंडार गृह से टूटे और निकृष्ट अन्य दास, दासियों और रसोइये को देने चाहिए। दास (शूद्र) विष्टि होते हैं, इनसे बेगार ली और जूठन दी जा सकती है।

उस वेश्यादासी को जो अब भोग योग्य नहीं रही कोष्ठागार अथवा रसोई में काम देना चाहिए। वेश्यामाता, प्रशिक्षणस्थ वेश्या और रूप दासी पर प्रहार के लिए अर्थदंड और वेश्यादासियों को विविध कला की शिक्षा देने वाले को राजा की ओर से वृत्ति दी जाएगी। दासियां गुप्त सूचनाएं भी देती रहें। अनेक हलों से जोते जाने वाले, अपने खेतों पर (राजा) दासों, नौकरों और दंड प्रतिकर्ताओं से बुवाई का काम करवाएंगे। दासों और नौकरों को बुवाई में उनके भाग के अनुसार सवा पण प्रतिमास और साथ ही चावल का भात दिया जाना चाहिए।

निजी दास रखने वाले संभ्रांत लोगों, ब्राह्मण, कुदाक, ताल्लुकेदार, भूपति, जमींदार आदि को कौटिल्य ने सलाह दी है कि राजा को यह मालूम होना चाहिए कि किस ग्राम आदेश है कि जो व्यक्ति दास, बौद्ध भिक्षाओं तथा शूद्र संन्यासिनों को देख कर्मों और पितृ कर्मों में भोजन कराए उस पर सौ पण दण्ड दिया जाए (अर्थशास्त्र–पृष्ठ–341) में कितने और किस वर्ण के दास हों तथा मालिक की बात न मानने, आज्ञा पालन न करने पर दास–दासी का तो दंड दिया ही जाएगा, उसके रिश्तेदारों को भी दंड दिया जाएगा। यदि पूर्ण मालिक नए मालिक से अपना दास अथवा दासी पुनः प्राप्त करना चाहे तो मात्र 5 पण देकर खरीद सकता है। कौटिल्य की ओर से यह आदेश है कि जो व्यक्ति दास, बौद्ध भिक्षाओं तथा शूद्र संन्यासिनों को देख कर्मों और पितृ कर्मों में भोजन कराए उस पर सौ पण दण्ड दिया जाए (अर्थशास्त्र–पृष्ठ–341)

वैसे तो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र को छोड़ सभी म्लेच्छ हैं। किंतु कौटिल्य ने ब्राह्मण, क्षत्रीय, वैश्य को छोड़ सबको (शूद्र, दास–कमकर) को म्लेच्छ कहा है और यह भी आदेशित किया है कि म्लेच्छ भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए (अर्थशास्त्र–788)। इसको कौटिल्य (अर्थशास्त्र–पृ. 311) ने स्पष्ट किया है कि म्लेच्छ अपनी संतान को बेच अथवा गिरवी रख सकते हैं, इसमें कोई दोष नहीं हैं, किंतु आर्य किसी भी हालत में गुलाम नहीं जा सकती। यही नहीं अपने आपको बेच देने वाले आर्य पुरुष की संतान आर्य ही समझी जाएगी। अपनी कीमत चुकता कर वह अपनी आर्य श्रेणी में आ सकता है (अर्थशास्त्र–पृष्ठ 312–313)।

सभी आर्यों की तरह दुष्ट मानसिकता वाले कौटिल्य ने लिखा कि–हृदय की बात को छिपाकर बनावटी बातें करने वाला अनार्य (शूद्र) है। (अर्थशास्त्र–526/798) अनार्य (शूद्र) व्यक्ति की मित्रता से आर्य व्यक्ति की शत्रुता अच्छी है। (अर्थशास्त्र पृष्ठ–486–797) तथा अनार्य (दास–शूद्र) को अपने तिरस्कार का भय नहीं रहता (अर्थशास्त्र पृष्ठ संख्या 261–787)। कानून के संबंध को कहा है कि संप्रभु की आज्ञा की कानून है। अथवा विक्षिप्त तुलसी की सार्थक दो पंक्तियां हैं–'समरथ को नहिं दोष गुसाईं' कौटिल्य ने अपनी समरयापना के मद में यह आग उगला है। यदि वह किसी वेश्या का बेटा होता और किसी कोठे पर दलाली करता तो यह कदापि न लिखता और न अपनी संप्रभुता की लम्पटता को दर्शाया है। तभी यह कहता है कि – जिस अपराध के लिए शूद्र बध्य है वहीं उसी अपराध के लिए ब्राह्मण हो तो उसके वध के बारे में सोच भी नहीं जा सकता (अर्थशास्त्र–पृष्ठ–50)। ब्राह्मण हो तो समस्त प्रकार के अपराध के लिए स्वर्ग से आया है, और उसको सजा नहीं मिलेगी वह ऊपर की ही अदालत से लिखवा कर लाया है। कहा भी है कि यदि पुरोहित (ब्राह्मण) से अभ्यंतर कोण जैसा महान अपराध हो जाए तो भी उसका वध नहीं करना चाहिए। क्योंकि ब्राह्मण वध का निषेध है (अर्थशास्त्र पृ. 603)। शूद्र द्वारा ब्राह्मणी स्त्रियों से उत्पन्न पुत्र चांडाल कहलाते हैं। इसमें ब्राह्मणी का रक्त शामिल है। अतः यदि वह गुप्तचर है तो उसका भी वध नहीं किया जाना चाहिए (अर्थशास्त्र पृ. 284) गुप्तचर है तो।

वेद में ब्राह्मण का वध पांच महापातकों में गिनाया गया है–**स्तेनो हिरण्यस्य सुरां पिपंश्च गुरोस्तल्पमावसन् ब्रह्महा चैते पतन्ति चत्वारः पञ्चमश्चाचरं स्तैरिति– छान्दोग्योपनिखार – 5/10/9** किंतु आदिपूर्व–महाभारत की कथा है–अपनी माता विनता को उसकी सौत सर्पों की माता कद्रू की दासता से मुक्त करने के लिए गरूड़ अमृत लाने चले, क्योंकि सर्पों ने अमृत पाने पर ही उनकी माता को मुक्त करने को कहा था–**श्रुत्वा तम ब्रुवन सर्पा आहारामृतोजसा, ततो दास्याद् विप्र मोक्षो भविता तव खेचर**–(महा–आदि 27/16)। चलते समय उन्होंने माता से वहां मिलने वाली कोई अपने खाने योग्य वस्तु पूछी। विनता ने वहा समुद्र के किनारे एकांत में स्थित निषादों की एक बस्ती बताई और कहा कि वहां हजारों निषाद रहते हैं। तुम उन्हें खाना (वही–28/2) परंतु ब्राह्मणों को मारने का कभी विचार भी मत करना (न च ते ब्राह्मण हन्तुं कार्या बुद्धिः कथ०चन महाभारत–आदि पर्व–पृष्ठ 28/3)।

गरूड़ के पूछने पर ब्राह्मणों का लक्षण बताती हुई विनता ने कहा–जो तुम्हारे कंठ में पहुंचकर आग के अंगारे की तरह जलने लगे तथा तुम्हारी जठराग्नि जिसे पचा न सके उसे तुम ब्राह्मण समझना–**यस्ते कण्ठमनुप्राप्तो निर्गीर्णं, बडिशं यथा, देहदंगारवत् पुत्र तं विद्याद् ब्राह्मणर्षभम्, जठरे न च जीर्येद् यस्तं जानीहि द्विजोत्तमम** (वही–महा–आदि–28–10–12)।

गरूड़ ने समुद्र के किनारे जाकर अपने मुंह को बड़े विस्तार के साथ फैला दिया। उसमें निषाद अपने आप समाने लगे। संयोग से एक ब्राह्मण भी अपनी निषाद कुलोत्पन्ना भार्या के साथ उनके कंठ में पहुंच गया। जिससे गरूड़ का कंठ जलने लगा। तस्य कण्ठमनुप्राप्तो ब्राह्मणः सह भार्यया, दहन–दीप्तः इवांगारः....(महा.आ.प. 29/1) घबराकर गरूड़ ने उसे शीघ्र पत्नी सहित बाहर चले जाने को कहा। बाहर आकर ब्राह्मण ने अनेक आशीष दिए।

कौटिल्य का नाम चाणक्य था किंतु उसकी कुटिलता के कारण उसे कौटिल्य कहा गया। नाम के अनुसार उसका मन काला था, तन उजला। उसने लिखा है कि जो–जो शूद्र (चांडाल) आर्य स्त्री (ब्राह्मणी, क्षत्राणी और वैश्या) को छुए उस पर सौ पण का जुर्माना (दंड) दिया जाए (अर्थशास्त्र पृष्ठ–341)। और यदि वही शूद्र (चांडाल) ब्राह्मणी, क्षत्राणी या वैश्या के साथ संभोग कर देता है तो उसे प्राण दंड दिया जाए (अर्थशास्त्र–पृष्ठ–401)। मेरे मतानुसार समाज में आदिम साम्य–काल से ही दो वर्ग रहा है।

व्यक्ति वर्ग–एक	**व्यक्ति वर्ग–दो**
1. भेड़िया–सामंत, भूपति, जमींदार	1. कुशल धूर्त श्रमिक/राजाश्रयी श्रमिक
2. बुच्चर–हिंसक पशु, बैल, सूअर	2. श्रमिक/शिल्पकार/कृषि श्रमिक/परजीवी श्रमिक
3. जल्लाद–जांगल शिकारी मंत्री पुरोहित, दरबारी लेखक आदि	3. गौ (गाय), श्रमिक/घरेलू श्रमिक/गृहिणी/यौन श्रमिक / उदर श्रमिक आदि

कौटिल्य व्यक्ति वर्ग एक हैं। यही नहीं, मनु पराशर, याज्ञवल्क्य, तुलसी, वाल्मीकि, व्यास और सारे के सारे हिंदू (ब्राह्मणवादी) वर्ग एक के ही हैं। चाहे वह आर्थिक रूप से कितना ही विपन्न क्यों न हों। चाहे वह सर्प दिवस का सांप ही क्यों न हो, विष में कमी नहीं हो सकती। बढ़ता ही जाता है। वर्णी कौटिल्य लिखता है। शूद्र का एक ही धर्म है। ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य की सेवा। खेती, पशुपालन, व्यापार, शिल्प, गायन, वादन, चारण–भाट आदि (अर्थशास्त्र–पृष्ठ–10)।

जब कोई ब्राह्मण चातुर्वर्ण्य समानता, एकता और बंधुत्व की बात करता है तो मैं कहता हूं भेड़िया यही है, कौटिल्य जीने और मरने के साथ नहीं है, न साथ चाहता है, खान–पान, बेटी–रोटी का, उठने–बैठने का संबंध नहीं चाहता है, यहां तक कि मुर्दाघाट भी एक नहीं चाहता है, कौटिल्य ही नहीं समस्त ब्राह्मणवाद चाहता है कि श्मशान तक अलग–अलग हों। नगर के उत्तर या पूरब में श्मशान होना चाहिए और दक्षिण दिशा में शूद्रों (छोटी जाति) का शमशान होना चाहिए (अर्थशास्त्र–पृष्ठ–93) और जो इस नियम का उल्लंघन करे उसे प्रथम साहस 100 पण का दंड देना चाहिए (अर्थशास्त्र–पृष्ठ–93)।

ब्राह्मण को किसी अपराध में मृत्युदंड या ताड़न दंड न दिया जाए (अर्थशास्त्र पृ–397)। यदि पुरोहित से ऐसा कोई बड़ा अपराध हो जाए तो भी उसका वध नहीं करना चाहिए। क्योंकि ब्राह्मण का वध निषिद्ध है (अर्थशास्त्र पृ. 603)। अगर ब्राह्मण को दंड दिया भी जाए तो इतना कि सिपाही इनको इधर–उधर दौड़ा–फिरा दें (अर्थशास्त्र–पृष्ठ–378)। यही नहीं जो इन नियमों का उल्लंघन करे या कराए उसको उत्तम साहस का दंड दें (अर्थशास्त्र पृ. 378)।

शूद्र वर्ण का यशगान कौटिल्य इन शब्दों में करता है–जैसा कुल होता है, वैसा ही आचार होता है (अर्थशास्त्र–पृ. 795)। प्रबुद्ध शूद्रों के लिए जो पढ़–लिख कर अच्छा बने हुए हैं। कितना ही संस्कार क्यों न किया जाए, नीम आम नहीं बन सकता (अर्थशास्त्र पृ. 795)। शूद्रों के संबंध में कैसी सूक्ति गढ़ी है। देखिये–नीच पुरूषों को अपमानित होना ही भला लगा है (अर्थ. पृ. 784)। नीच पुरूष को कभी भी सुमति न देना चाहिए (अर्थ. पृ. 784)। नीच पुरूष की विद्याएं उसे पाप कर्म में प्रवृत्त करती हैं (अर्थ. पृ. 788)। नीच और उत्तम व्यक्ति में परस्पर विवाह संबंध नहीं हो सकता (अर्थ. पृ. 788)। शिल्पी लोग प्रायः ईमानदार नहीं होते। (अर्थशास्त्र–पृ. 309)।

अदालत को कौटिल्य का आदेश है, वकील और पेशकार तक को आदेश है कि वे कौटिल्यीय शासन पद्धति का पूर्णतया पालन करें। एक गवाही के लिए कौटिल्य लिखता है कि पानी से भरे घड़े के पास ब्राह्मण को शपथ के लिए ले जाया जाए। यदि ब्राह्मण गवाह हो तो 'सच बोलो' इतनी भर शपथ दिलाई जाए...यदि गवाह शूद्र हो तो उसके सम्मुख कहा जाए 'देखो यदि सच न बोलो तो जन्म–जन्मांतर का तुम्हारा सारा पुण्य राजा को प्राप्त हो, यदि तुमने झूठ बोला तो तुम्हें निश्चित ही दण्ड मिलेगा।' बाद में भी सुनकर देखकर मामले की जांच पड़ताल की जाएगी (अर्थशास्त्र पृ. 333)। यानी की 'सच बोलो' कह देने भर से ब्राह्मण सब कुछ सच–सच उगल देगा और शूद सब झूठ बोल देगा, इसलिए शूद्र को लोक–परलोक तथा पुनः जांच–पड़ताल की धमकी जाती है, डराया जाता है।

कौटिल्य को शूद्र सेना तो चाहिए पर विश्वास नहीं है, कौटिल्य यह भी मानता है कि ब्राह्मण सेना एकदम निकम्मी है, शत्रु ब्राह्मण सेना को नमस्कार कर सीमा पार कर सकती है। (अर्थशास्त्र पृ. 600) कौटिल्य कहता है–शूद्र सेना श्रेष्ठ है। यदि इनमें बहादुर हों–(अर्थ. पृष्ठ वही–600) कि शूद्र (आटविक) सेना के लिए अटवी बल की अपेक्षा अमित्र बल अधिक श्रेष्ठ होता है, क्योंकि यह आर्यगुणों से संपन्न एवं विश्वस्त पुरूषों के नेतृत्व में रहता है, किंतु अटवी बल के संबंध में ऐसा नहीं है, ये दोनों सेनाएं शत्रु बल को लूटने के लिए बड़ी उपयुक्त हैं, क्योंकि यदि उन्हें युद्ध में लगाया जाए या विपत्ति में सहायतार्थ नियुक्त किया जाए तो आस्तीन के सांप की तरह सदा ही उनसे भय बना रहता है (अर्थशास्त्र पृ. 599–600)। अतः स्पष्ट है कि कौटिल्य काल क्रूरतम सामंतीकाल है। जहां एक वर्ग सिर्फ कसाई है, और दूसरा सिर्फ बकरी। कौटिल्य विक्षिप्त और क्रूरतम ब्राह्मणवादी अर्थवादी समाजशास्त्री हैं।

साभार :
शूद्रो का प्राचीनतम इतिहास
पेज संख्या 231 से 239 तक
एस. के. पंजम

प्राकृतिक चिकित्सा

ग्रीष्म ऋतु पर विजय

ओ महान् दिनकर भास्कर, जीवन के मूल स्त्रोत, ऊर्जा के महान उद्‌गम, तुम्हें शत् शत् प्रणाम । तुम हमें हर दिन एवं हर वर्ष नित नवीन बनाते हो । संपूर्ण जगत के मानव, पशु एवं वनस्पति को हमेशा नया जीवन देते हो । शीतकाल में जब तुम्हारी किरणें मंद होकर हमारी पृथ्वी में आती है तब उसके प्रखर और तेज होकर हम तक पहुंचने की प्रतीक्षा करते हैं। क्या होगा, यदि तुम्हारी किरणें हमारी पृथ्वी पर नहीं पहुंचेगी? यहां की हर चीज मर जायेगी, वनस्पति एवं पशु मर जायेगें। पृथ्वी बंजर हो जायेगी। हम सभी अमावस की रात्रि जैसे गहन अंधकार में खो जायेंगे, आखिर तुम्हारी किरणें ही हमारी पृथ्वी की हर वस्तु को संभालती हैं, उन्हें जीवन देती है तथा उसका पालन – पोषण करके उनका विकास भी करती हैं, अतः हे प्राणदाता सूर्य तुम्हें फिर से शत् – शत् प्रणाम् ।

उपरोक्त अंश अफ्रीका महाद्वीप के एक देश के लोकप्रिय पुराण कथन के आधार पर उदघृत किया गया है । सूर्य जीवन का उद्‌गम है, बिना सूर्य प्रकाश के जीवन का अस्तित्व संभव नहीं है, अतः सूर्य की किरणों की लाभकारी शक्तियां महान हैं। सूर्य की किरणें संचार को गति देती हैं। लसिका प्रणाली को उनके कार्यों में मदद करती हैं। हृदय को बल देती है और मस्तिष्क को जागृत रखती है। सूर्य की किरणों के द्वारा हमारी त्वचा के भीतर विटामिन – डी तैयार होता है, जो कैल्शियम व फास्फोरस को रक्त संचार के उपयोग में लाने का काम करता है, जिससे हमारे रक्त का संगठन ठीक रहता है एवं शरीर की सारी अस्थियों को पोषण मिलता है । एक हल्का सूर्य प्रकाश स्नान स्नायविक कमजोरी, चिन्ता, उदासीनता, तनाव और कुंठा से ग्रसित व्यक्ति को स्वाभाविक स्वास्थ्य की ओर लौटा सकता है । सूर्य रश्मि में पाये जाने वाले पराबैंगनी किरणें श्वेत रक्तकण में वृद्धि करती है, जिसमें हमारी जीवनी शक्ति बढ़ती है तथा हम रोग संक्रमण से बचकर अच्छे स्वास्थ्य की ओर बढ़ते हैं। हर चीज की अति बुरी होती है। उसी तरह सूर्य किरणों का अतिसेवन भी बुरा है। सूर्य रश्मि के प्रयोग का समय देशकाल एवं व्यक्ति विशेष की आवश्यकता के अनुसार बदलते रहना चाहिये।

ग्रीष्म ऋतु में विशेष तौर पर हमें किरणों के समक्ष रहने से सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि हम सूर्य अतिसेवन के शिकार न हों, इसलिए आवश्यक है, कि हमारे शरीर में सूर्य किरणों के द्वारा पैदा किये गये अतिसार के संतुलन को बनाये रखने के लिये पानी का संतुलन बनाये रखना चाहिए, क्योंकि अधिक समय तक ग्रीष्म ऋतु में धूप में रहने पर शरीर से पसीना काफी मात्रा में निकल जाने के कारण रक्त मे पानी की कमी की स्थिति पैदा हो जाती है, जो हमें कोई बीमारियों का शिकार बना देता है। रक्त में पानी हिए । यदि वह गहरा पीले रंग का है तो हमें पर्याप्त पानी की आवश्यकता है, लू लगना तथा लू लगने से पहले शरीर में झटके लगना रक्त में पर्याप्त पानी की कमी का प्रमाण है, साथ ही सोडियम की कमी पर पसीना निकलने की प्रक्रिया में रूकावट पैदा हो जाती है। यह पसीना निकलने की प्रक्रिया शरीर की गर्मी बढ़ जाने पर उसे अपने आप ठण्डा करने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया द्वारा शरीर का औसत तापमान स्थिर रहता है। पसीना निकलने की प्रक्रिया के द्वारा हम अपने चारों ओर ताप नियन्त्रक वातावरण पैदा करते है। पूरे शरीर के स्वास्थ्य को बनाये रखता है, क्योंकि जो प्रदूषण रहित द्रव हमारे रोमकूपों के द्वारा निकलता है इससे हमारा शरीर ओजोन की परतों को बिना चीरे हमारे शरीर को ठण्डा रखता है। प्यास लगना हमारे रक्त में पानी की कमी का सही प्रमाण नहीं माना जाता, इसलिये हमें अपने मूत्र के हर रंग पर ध्यान देना चाहिए । यदि वह गहरा पीले रंग का है तो हमें पर्याप्त पानी की आवश्यकता है, लू लगना तथा लू लगने से पहले शरीर में झटके लगना रक्त में पर्याप्त पानी की कमी का प्रमाण है, साथ ही सोडियम की कमी का भी।

इस तरह शरीर में द्रव की कमी व ताप की अधिकता से सिरदर्द, सिर का भारीपन, कमजोरी, उल्टी एवं उत्तेजना पैदा होती है। लू लगना, एक गंभीर स्थिति है, ऐसी हालत में लापरवाही करने पर मृत्यु भी हो सकती है। यदि लगातार धूप में रहने के कारण खूब पसीना निकलने पर हमें तीव्र प्यास लगती है तो वह रक्त में पानी की कमी के कारण ही होता है, इसके साथ ही भूख की कमी, सिरदर्द, चक्कर, जी मिचलाना एवं उल्टी की प्रक्रिया शुरू हो जाती है । लू लगने के दूसरे प्रधान लक्षणों में एक लक्षण है हृदय की धड़कन का बढ़ जाना ऐसी स्थिति में हमें तुरन्त छायादार स्थान पर जाकर विश्राम करना चाहिए, संभव हो तो कमरे के भीतर ठण्डे स्थान में जाकर लेट जाना चाहिए तथा निम्न विधि से शरीर के ताप को संतुलन मे लाने का यथाशीघ्र प्रयास करना चाहिए ।

ग्रीष्म ऋतु में घर से बाहर जाने पर हमेशा ठण्डे पानी की बोतल साथ रखना चाहिए, खासतौर पर धूप में बाहर जाने पर हमेशा ठण्डे पानी की बोतल साथ में रखना चाहिए, खासतौर पर धूप में रहकर बीच – बीच में हर आधे घण्टे में 100 से 120 ग्राम पानी पीते रहना चाहिए। हालांकि कई लोग घर से निकलते समय कई गिलास पानी एक साथ पी लेते हैं, लेकिन यह तरीका सही नहीं है, क्योंकि बिना आवश्यकता के पिया गया पानी शरीर पेशाब के जरिये यथा शीघ्र बाहर निकाल देता है, कई बार हमें तीव्र प्यास लगने पर पानी नहीं मिलने पर नारियल का पानी, फलों का रस, आम का पना, मट्ठा (छाछ) लिया जा सकता है। बहुत बार ऐसा होता है, कि हम धूप में काम करते हैं, या परिश्रम करते हैं और बाहर से हवा गर्म रहती है तब हमारी शर्ट अथवा अन्दर पहने हुए कपड़े पसीने से पूरी तरह गीले हो जाते हैं तथा बाहर की गर्मी गीले कपड़े को पार करके ठण्डा होकर हमारे शरीर में लगता है, जो हमें सुहाता है एवं शरीर के बढे हुए तापमान को कम करता है, ग्रीष्म ऋतु में हमें अधिक से अधिक ताजे फलों एवं कच्ची साग – सब्जियों का प्रयोग भोजन में करना चाहिए, जिससे हमारे रक्त में खनिज, नमक व पानी का संतुलन बना रहे।

ग्रीष्म ऋतु में कई लोग ठण्डे पेय पदार्थ के साथ अधिक नमक का प्रयोग करते हैं, लेकिन ऐसा करना इसलिये उचित नहीं है, कि रक्त में अधिक नमक की उपस्थिति पसीना पैदा करने के लिये प्यास को कम पैदा करती है, इसी तरह बीयर जैसे पदार्थ भी दूसरे मादक द्रव्यों की तरह लू लगने की प्रवृति को बढ़ावा देती है, क्योंकि इन पेय पदार्थे से भी रक्त मे पानी की कमी पैदा हो जाती है, इसलिये उनके बदले में सादा पानी, फलों का रस या कच्चे नारियल का पानी पिया जा सकता है।

ग्रीष्म ऋतु में जब सूर्य की किरणों का ताप सबसे अधिक होता है अर्थात 40 से 47 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है, ऐसे समय में यह आवश्यक है कि हम अपने त्वचा की रक्षा भी करें, ऐसा नहीं करने पर त्वचा ढीली झुर्रीदार हो सकती है तथा उसका रंग गोरा है तो सांवला व सांवला है तो काला हो सकता है, त्वचा को इस अधिक ताप वाले सूर्य किरणों के सीधे संपर्क में रखने पर त्वचा के अंदर की नमी कम हो जाती है, जिससे त्वचा का वह भाग मोटा हो जाता है। जो आगे चलकर स्पर्श ज्ञान अर्थात त्वचा की संवेदनशीलता को कम करता है। त्वचा में झुर्रियां आने लगती है, कई बार शरीर को बहुत अधिक सूर्य किरण में रखने पर कैंसर पैदा होने का खतरा भी हो सकता है, ग्रीष्म ऋतु में बहुत अधिक पसीना आने के कारण सारे शरीर में चकत्ते, पित्ती एवं घमौरियां पैदा हो जाती है। जिसके कारण पसीने का त्वचा के ऊपरी सतह में सुखकर रोमकूपों का बंद हो जाना है, जिससे पसीना सीधे त्वचा की ऊपरी सतह से रिसता है, इसलिये त्वचा ऊपरी सतह पर सारे शरीर में लाल चकते आ जाते हैं तथा उसकी वजह से चकतों के स्थान पर खुजली और जलन होने लगती है। समझना यह है कि ये बारीक चकते, घमौरियां तो नहीं है या फिर एक्जिमा की शुरूआत है। यदि हम ध्यान से देखें तो त्वचा में कई स्थान पर केवल छोटे लाल धब्बे व श्वेत ग्रन्थियां है, जिसके मुखों के ऊपर सूजन आ गयी है। उसी के ठीक आसपास जो घमौरियां पैदा हो जाती है। उनकी वजह से सुई चुभने जैसी चुभन होती है, ऐसी हालत में यथाशीघ्र सूखे स्थान पर जाकर खुली हवा के सपर्क में सारे शरीर को लाना चाहिए, जहाँ उमस न हो तथा खुली हवा तेज गति से बह रही हो, ढीले कपड़े हो खादी अथवा सूती कपड़े से बने हों, पहनने चाहिए। किसी भी तरह से रासायनिक पदार्थो से बने अर्थात् नायलोन, पालिएस्टर से बने कपड़े न हो व पहनने में चुस्त न हों । सारे शरीर में मिट्‌टी का लेप लगाकर 15 से 30 मिनट तक उसी हालत मे रखें। आवश्यकता हो तो लेप लगाने से पहले मिट्‌टी में थोड़ी बर्फ भी मिलायी जा सकती है, ताकि मिट्‌टी ठण्डी लगे, मिट्‌टी से सारे शरीर में ठण्डक पैदा हो, जो शरीर के आवश्यक गर्मी को खींच ले। लेप करने के बाद नीम पानी में स्नान करें। नीम पानी बनाने के लिये नीम पत्तों को पानी मे उबालकर घड़े में डालकर ठण्डा कर लेना अच्छा होगा। उसी के ठीक आसपास जो घमौरियां पैदा हो जाती है। उनकी वजह से सुई चुभने जैसी चुभन होती है, ऐसी हालत में यथाशीघ्र सूखे स्थान पर जाकर खुली हवा के सपर्क में सारे शरीर को लाना चाहिए, जहाँ उमस न हो तथा खुली हवा तेज गति से बह रही हो, ढीले कपड़े हो खादी अथवा सूती कपड़े से बने हों, पहनने चाहिए। किसी भी तरह से रासायनिक पदार्थो से बने अर्थात् नायलोन, पालिएस्टर से बने कपड़े न हो व पहनने में चुस्त न हों । सारे शरीर में मिट्‌टी का लेप लगाकर 15 से 30 मिनट तक उसी हालत मे रखें। आवश्यकता हो तो लेप लगाने से पहले मिट्‌टी में थोड़ी बर्फ भी मिलायी जा सकती है, ताकि मिट्‌टी ठण्डी लगे, मिट्‌टी से सारे शरीर में ठण्डक पैदा हो, जो शरीर के आवश्यक गर्मी को खींच ले। लेप करने के बाद नीम पानी में स्नान करें। नीम पानी बनाने के लिये नीम पत्तों को पानी मे उबालकर घड़े में डालकर ठण्डा कर लेना अच्छा होगा।

मोटापे से ग्रसित लोगों को अक्सर त्वचा मे जो धरियाँ पड़ जाती है, उन धारियों के गढ़ढे वाले भाग में पसीना इक्ट्ठा होकर सूखता है, जो सब तरह के चर्म रोंगों को जन्म देता है। जो मोटापे से ग्रसित होते

